संख्या–cm-304
05/05/2023

# मुख्यमंत्री मणिपुर में हो रही हिंसा के मद्देनजर वहाँ रहने वाले बिहार के लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंतित

- मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी को मणिपुर के मुख्य सचिव से वार्ता कर वहाँ रह रहे बिहार के लोगों की समुचित सुरक्षा सुनिश्चित कराने हेतु दिया निर्देश।

**पटना, 05 मई 2023** :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार मणिपुर में हो रही हिंसा के मद्देनजर वहाँ रहने वाले बिहार के लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी को मणिपुर के मुख्य सचिव से वार्ता कर वहाँ रह रहे बिहार के लोगों की समुचित सुरक्षा सुनिश्चित कराने हेतु निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि मणिपुर में रह रहे बिहार के ऐसे लोग जो वापस बिहार आना चाहते हैं, उन्हें वापस लौटने में मुख्य सचिव फैसिलिटेट करायें ताकि वे सुरक्षित बिहार वापस आ सकें।

******